<u>सार्वजनिक सूचना</u>

इन्स्टीटयुट ऑफ किडनी डिसीसीझ एण्ड रिसर्च सेन्टर (IKDRC) एवं डॉ. एच. एल. त्रिवेदी इन्स्टीटयुट ऑफ ट्रांसप्लांटेशन सायन्सीझ (ITS), सिविल हॉस्पिटल परिसर, असारवा, अहमदाबाद–380016 के चिकित्सा अभिलेख विभाग (Medical Records Department) द्वारा सार्वजनिक सूचना समस्त संबंधित व्यक्तियों एवं जनसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है एवं सूचित किया जाता है कि, संरक्षित उन मरीजों के चिकित्सा अभिलेख/फाइलें, जिन्होंने वर्ष-1990 से वर्ष-2016 के दौरान उक्तदर्शित संस्थान में उपचार हेतु प्राप्त किया था, उनकी निर्धारित अभिलेख संरक्षण अवधि (Retention Period) पूर्ण हो चुकी है । अतः अस्पताल की अभिलेख संरक्षण नीति तथा समय-समय पर प्रभावी एवं लागू नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन में उक्तदर्शित वर्षों की चिकित्सा अभिलेखों/फाइलों के विनष्टीकरण/निस्तारण (Destruction/Disposal) की कार्यवाही की जानी प्रस्तावित है ।

अतः जिन मरीजों अथवा उनके विधिवत् अधिकृत प्रतिनिधियों को उक्तदर्शित वर्षों में लि गई चिकित्सा अभिलेखों की प्रमाणित या साधारण प्रतिलिपि प्राप्त करने की आवश्यकता हो, वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर वैध पहचान-पत्र, प्राधिकरण संबंधी दस्तावेज (जहाँ लागू हो) तथा अन्य आवश्यक सहायक अभिलेखों सहित चिकित्सा अभिलेख विभाग (Medical Records Department) से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। यह भी सूचित किया जाता है कि, उपर्युक्त 30 (तीस) दिनों की अवधि समाप्त होने के पश्चात संबंधित चिकित्सा अभिलेखों/फाइलों का लागू नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार विनष्टीकरण/निस्तारण कर दिया जाएगा ।

तत्पश्चात उक्तदर्शित वर्षों के अभिलेखों के संबंध में प्राप्त किसी भी आवेदन, दावा, मांग, आपत्ति या अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा न ही ऐसी किसी मांग को स्वीकार किया जाएगा, जिसके लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा ।

निदेशक
(आई.के.डी.आर.सी.–आई.टी.एस.)
अहमदाबाद–380016.

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 12 जून, 2026

फोन : 079-49017000, 079-22687500
ई-मेल : ikdrcits@ikdrcits.in